18.04.2026 दोपहर समाचार 2.10PM

आकाशवाणी, भोपाल

बजट सत्र – अनिश्चितकाल स्थगित

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही 28 जनवरी से शुरू हुए बजट सत्र का समापन हो गया। लोकसभा में अपने समापन भाषण में अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि बजट सत्र के दौरान 93 प्रतिशत कामकाज हुआ।

राज्यसभा में अपने समापन भाषण में सभापति सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि संसद के तीनों सत्रों में बजट सत्र का विशेष महत्व है क्योंकि यह न केवल तीनों सत्रों में सबसे लंबा होता है बल्कि राष्ट्र के विकास पथ को निर्धारित करने में भी सबसे महत्वपूर्ण होता है।

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पश्चिम बंगाल के चुनावी दौरे पर है। वे यहां विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

शिक्षा अधिकार

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अब विद्यार्थी निजी स्कूलों में 25 अप्रैल तक एडमिशन ले सकेंगे। पहले प्रवेश की अंतिम तारीख 15 अप्रैल थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय दिया गया है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जिलों को आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

विश्व विरासत दिवस

आज विश्व धरोहर दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की विविधता, संवेदनशीलता और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। इस मौके पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य में सभी संग्रहालयों और ऐतिहासिक स्मारकों में आज प्रवेश पूरी तरह मुफ्त रखा गया है। संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने लोगों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी ऐतिहासिक विरासत को करीब से जानें। सरकार का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को अपनी संस्कृति और इतिहास से जोड़ना है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी ने अब अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। कल खजुराहो में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। वहीं, 9 शहरों में पारा 42 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आज 16 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, धार, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना शामिल हैं। वहीं, भोपाल कटनी,मैहर,बैतूल,गुना,अशोकनगर और छतरपुर सहित कई जिलों में गर्मी के बढ़ते असर को देखते हुए प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है।

समाचार संक्षेप में :–

- राजधानी भोपाल के भेल स्थित दशहरा मैदान में आज प्रदेशभर से हजारों शिक्षक 'मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा' के तहत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकत्रित हुए।
- शिवपुरी जिले में पंजीयन विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 197 करोड 86 लाख रुपये की आय अर्जित की गई, जो लक्ष्य से लगभग 4 प्रतिशत अधिक है।
- सतना में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्रदेश की मेरिट में अपना स्थान बनाने वाले 17 छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।
- जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आगरमालवा जिला पंचायत के सीईओ बी.एस. सोलंकी ने कल विभिन्न कार्यों का निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया।
- प्रदेश में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर है।
- चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण शुरू, पहले दिन हजारों श्रद्धालु पंजीयन कराने पहुंचे।